# षोडश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-1

सोमवार, तिथि 29 फाल्गुन, 1938 (श0) / 20 मार्च, 2017 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 119**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) गृह विभाग | .. | .. | 83 |
| (2) अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | .. | .. | 04 |
| (3) वित्त विभाग | .. | .. | 09 |
| (4) मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | .. | .. | 03 |
| (5) सामान्य प्रशासन विभाग | .. | .. | 10 |
| (6) वाणिज्य-कर विभाग | .. | .. | 02 |
| (7) उद्योग विभाग | .. | .. | 04 |
| (8) गन्ना उद्योग विभाग | .. | .. | 04 |
| | | कुल योग — | 119 |

आदमकद मूर्ति की स्थापना

'क'--*836. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत एन0 एच0 28, एन0 एच0 103 जिला मुख्यालय एवं बिहार के उत्तरी क्षेत्र को जानेवाली मुख्य चौराह ''मुसरीघरारी चौक'' है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का जन्म एवं कर्म स्थान समस्तीपुर जिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मुसरीघरारी चौक पर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का आदमकद मूर्ति स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ओ0 पी0 बनाना

*2043. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के राजनगर प्रखंड में स्थित राजनगर थाना के कार्यक्षेत्र में 25 पंचायत आता है, उक्त थाना का कार्य क्षेत्र बड़ा होने के कारण सभी पंचायतों का सही देख-भाल थाना से नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार रामपट्टी बाजार में एक पुलिस ओ0 पी0 बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2044. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत के0 नगर प्रखंड के मोगलाहा कब्रिस्तान एवं महम्मदपुर कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*2045. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला सीवान के प्रखंड लकड़ी नवीगंज में स्थापित ओ0 पी0 का अपना भवन नहीं है, उक्त ओ0 पी0 जर्जर भवन में कार्यरत है तथा उक्त ओ0 पी0 को थाना का दर्जा नहीं रहने के कारण उक्त प्रखंड के लोगों द्वारा प्राथमिकी बसंतपुर थाना में दर्ज कराई जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार लकड़ी नवीगंज ओ0 पी0 को थाना का दर्जा देने के साथ भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-दिनांक 6 मार्च, 2017 को सदन द्वारा स्थगित ।

कार्रवाई करना

*2046. श्री राणा रणधीर--स्थानीय समाचार-पत्र में दिनांक 19 जनवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''ए0 के0 47 की गोली से घायल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष की मौत'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 18 जनवरी, 2017 को पकड़ीदयाल अनुमंडल के शेखपुरवा रोड में जायसवाल ट्रेडिंग पर बाईकर्स गैंग द्वारा ए0 के0 47 से फायरिंग कर मनोज कुमार, उपाध्यक्ष, नगर पंचायत, व्यवसायी चुमन प्रसाद एवं पलदार सुबोध पासवान की हत्या कर दी गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत दो वर्षों में पकड़ीदयाल अनुमंडल में 10 लोगों की हत्या एवं अनेक डकैतियाँ हुई हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अपराध रोकने एवं अपराधियों को पकड़ने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

भवन निर्माण

*2047. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गोरेया प्रखंडान्तर्गत जामो थाना का अपना भवन नहीं रहने के कारण भाड़ा के मकान में गोरेयाकोठी में चल रहा है जिसके कारण थाना प्रभारी एवं आरक्षी बल को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार जामों थाना का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2048. डॉ0 (मो0) नवाज आलम--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत आरा विधान-सभा क्षेत्र में गोठहुआ पंचायत के करवाँ गाँव में स्थित कब्रिस्तान खाता संख्या 350, खेसरा सं0 406, रकबा 0.24 डीसमील की घेराबंदी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार करवाँ कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जाँच कराना

'ख'--*2049. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत आदर्श थाना भवन बैरिया का निर्माण वर्ष 2016 से कराया जा रहा है जो निर्माणाधीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निर्माणाधीन भवन का निर्माण प्राक्कलन के मानकों को नजरअंदाज कर गुणवत्ताविहीन कराया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवन के निर्माण कार्य की जाँच कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ख'-भवन निर्माण विभाग से गृह विभाग में स्थानांतरित ।

अनुमंडल बनाना

*2050. <u>श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह</u>--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड आबादी एवं क्षेत्रफल के हिसाब से जिला का सबसे बड़ा प्रखंड है, जिसके अन्तर्गत 24 पंचायत हैं तथा अनुमंडल बनाने की सभी अर्हता पूर्ण करता है, यदि हाँ, तो सरकार कल्याणपुर को अनुमंडल बनाने का विचार रखती है ?

---

परिवर्तित करना

*2051. <u>श्रीमती अरूणा देवी</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के पकरीबरावाँ प्रखण्ड से 10 कि0 मी0 दूर धमौल बाजार में एक पुलिस ओ0 पी0 संचालित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ओ0 पी0 को थाने में कबतक परिवर्तित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2052. <u>श्रीमती गुलजार देवी</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड के बकुआ पंचायत के बकुआ गाँव स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नियंत्रण में देना

*2053. <u>श्रीमती गुलजार देवी</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत घोघरडीहा प्रखंड अवस्थित छजना पंचायत पूर्ण रूप से एवं रामनगर के आँशिक भाग का नियंत्रण लौकही थाना के अधीन है, यदि हाँ, तो क्या सरकार छजना पंचायत के सभी गाँव एवं रामनगर के आँशिक भाग को फुलपरास अथवा घोघरडीहा थाना क्षेत्र के नियंत्रण में देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ओ0 पी0 खोलना

*2054. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मुरौली प्रखंड में पुलिस ओ0 पी0 नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से मुरौली प्रखण्ड में पुलिस ओ0 पी0 कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ईंधन की मात्रा बढ़ाना

*2055. श्री रवि ज्योति कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार राज्य में थानों में विधि-व्यवस्था एवं अनुसंधान हेतु प्रत्येक वाहन पर मात्र 110 लीटर ईंधन उपलब्ध करायी जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बदलते परिदृश्य में 110 लीटर ईंधन में प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार राज्य के सभी थानों में वाहन के लिये निर्धारित ईंधन की मात्रा बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रोसेसिंग यूनिट लगाना

*2056. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला में मकई एवं केला की खेती बहुतायत मात्रा में होने के बावजूद उक्त जिला में मकई एवं केला से संबंधित फूड प्रोसेसिंग यूनिट नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पूर्णियाँ जिला में मकई एवं केला से संबंधित फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*2057. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टनकुप्पा प्रखण्ड के ग्राम-नावागढ़ (चामो खाप), ग्राम पंचायत-आरोपुर में स्थित कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिथि गृह का निर्माण

*2058. <u>श्री उपेन्द्र पासवान</u>--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत बखरी अनुमंडलीय शहर में अतिथि गृह नहीं रहने के कारण पदाधिकारियों को ठहरने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार बखरी में एक अतिथि गृह का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2059. <u>श्री अमित कुमार</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत रीगा प्रखंड के रीगा प्रथम पंचायत में स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुलिस की व्यवस्था

*2060. <u>श्री लाल बाबू राम</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत सकरा प्रखंड के सिजाबलपुर चौक एवं सबहा चौक पर हमेशा जाम लगी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थान पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

थाना भवन का निर्माण

*2061. <u>श्री राजेन्द्र कुमार</u>--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत तुर्कौलिया थाना भवनविहीन होने के कारण थाना को प्रशासनिक कार्य व्यवस्थित रूप से संचालित करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार तुर्कौलिया थाना का भवन कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*2062. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बनकटवा प्रखण्ड अन्तर्गत बीजबन्नी उत्तरी पंचायत के अठमुहान ग्राम में कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

बैंक की शाखा खोलना

*2063. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहनपुर प्रखंड अन्तर्गत तिलैया स्थित पंजाब नेशनल बैंक को बाराचट्टी पंजाब नेशनल बैंक में सम्मिलित कर लिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मोहनपुर के डंगरा बाजार में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

नौकरी देना

*2064. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवजी ठाकुर आरक्षी-434, ग्राम-पकड़ी नरोत्तम, थाना-पानापुर, पोस्ट-सतजोड़ा बाजार, जिला-सारण की सेवा के दौरान मृत्यु के पश्चात् उनके परिवार के आश्रित को अनुकंपा के आधार पर नौकरी न देकर उनके स्थान पर अन्य व्यक्ति श्री जगरनाथ ठाकुर को विगत बीस वर्ष पूर्व अनुकम्पा के आधार पर नौकरी दे दी गयी, जो वर्तमान में हवलदार के पद पर नवीन आरक्षी केन्द्र, पटना में पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि मृतक के विधवा द्वारा वरीय आरक्षी अधीक्षक, पटना को लिखित शिकायत किये जाने पर ज्ञापांक 11234, दिनांक 20 जून, 2006 द्वारा हवलदार जगरनाथ ठाकुर, नवीन आरक्षी केन्द्र, पटना को 15 दिनों के अन्दर प्रतिवेदन समर्पित करने का आदेश दिया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कर उक्त व्यक्ति को सेवा से हटाकर मृतक के आश्रित को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का विचार रखती है ?

------

शामिल करना

*2065. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार के माली (मालाकार) जाति को अनुसूचित जनजाति (एस०टी०) में केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित करने हेतु राज्य सरकार ने अनुग्रह नारायण समाज अध्ययन संस्थान, पटना से सर्वेक्षण कराया एवं उक्त संस्थान द्वारा सर्वेक्षण उपरान्त इथनोग्राफिक रिपोर्ट राज्य सरकार को वर्ष 2015-16 में सौंपी गयी है, यदि हाँ, तो माली (मालाकार) जाति को अनुसूचित जनजाति में अभीतक शामिल नहीं करने का क्या औचित्य है ?

फूड पार्क का प्रस्ताव

*2066. श्री नन्द किशोर यादव--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिये बिहार में फूड पार्क बनाने हेतु वर्ष 2016 में केन्द्र सरकार ने प्रस्ताव माँगा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार फूड पार्क के लिये प्रस्ताव भेजने का बिचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बैंक खोलवाना

*2067. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा कृषकों, व्यापारियों के सुविधा हेतु दस हजार आबादी वाले ग्राम में एक बैंक खोलने का निर्णय सरकार द्वारा वर्ष 2015 में लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के खरीक प्रखंड अन्तर्गत राघोपुर ग्राम की जनसंख्या बारह हजार होने के बावजूद उक्त ग्राम में एक भी बैंक की शाखा नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राघोपुर ग्राम में कबतक बैंक खोलवाने का विचार रखती है ?

--------

नियुक्ति करना

*2068. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 1605/2006 में अ०पि०व० कोटि के तहत चालक की 39 रिक्तियाँ थी, परन्तु मात्र 15 अभ्यर्थियों का ही परीक्षाफल प्रकाशित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त परीक्षा के अभ्यर्थी रॉल नं 8450 का 35.60 अंक रहने के बावजूद नियुक्ति नहीं कर रिक्ति छोड़ दी गयी, जबकि इससे कम प्राप्तांक वाले पाँच अभ्यर्थियों की नियुक्ति की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मामले की जाँच कराकर पात्रता रखने अ०पि०व० कोटि के अभ्यर्थियों की नियुक्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पारदर्शिता लाना

*2069. श्री विनोद प्रसाद यादव--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 7 फरवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''कर्जदारों को पता नहीं, बाँटे लोन'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में बैंकों द्वारा के०सी०सी० ऋण किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिला के शेरघाटी प्रखंड के चितावकला गाँव के दलित परिवारों को कर्ज वसूली हेतु भारतीय स्टेट बैंक की शेरघाटी शाखा द्वारा नोटिस भेजे जाने पर उक्त गाँव के बंधु यादव, कृष्णा मंडल, मतिया देवी आदि को ऋण लेने की जानकारी हुई जबकि उक्त ग्रामीणों द्वारा ऋण नहीं लिया गया है बल्कि ऋण की रकम बिचौलियों एवं बैंक कर्मी निकालकर बंदरबांट कर लिये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी लोगों पर कार्रवाई के साथ ऋण वितरण में पारदर्शिता लाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुनः स्थापित करना

*2070. श्री अजीत शर्मा--हिन्दी दैनिक समाचार- पत्र में दिनांक 28 जनवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''मूर्ति कांड को लेकर भागलपुर'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत भागलपुर नगर निगम के अम्बई पोखर में मूर्ति हटाने के विरोध में ग्रामीणों ने दिनांक 26 जनवरी, 2017 को भागलपुर-अमरपुर मार्ग को चार घंटों के लिये जाम कर दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मार्ग को जाम होने के बाद एस०डी०ओ० भागलपुर पिस्टल निकालकर गोलियाँ चलाने लगे और पुलिस कर्मी लाठी बरसाने लगे, जिसमें कई लोग घायल हो गये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त घटना की जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुये प्रतिमा को पुनः स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2071. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के वीरनगर पूरब पंचायत के वार्ड नं० 4, ग्राम-बैजूपट्टी नेहाल का टोला, राजस्व मौजा-वीरनगर थाना नं० 114/1, तौजी नं० 1309/1, खाता नं० 213, खेसरा नं० 255, रकबा 22 एकड़ कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण कब्रिस्तान की भूमि का अतिक्रमण हो रहा है, यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*2072. श्री नितिन नवीन--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 जनवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''जिम्मेदारी नदी गश्त करने की और संभाल रहे बैंक, ट्रैफिक'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना में गंगा नदी के माध्यम से होनेवाले आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिये पहला नदी थाना फतुहाँ में पाँच वर्ष पूर्व खोला गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी थाना में आजतक एक ही एफ०आई०आर० दर्ज की जा सकी है जबकि गंगा नदी से अवैध बालू निकासी, गांजा, अफीम, चरस इत्यादि की धड़ल्ले से तस्करी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पटना में गंगा नदी के माध्यम से होनेवाले अपराध को रोकने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

नामाकरण करना

*2073. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखंड के डुमरी बुजुर्ग एवं शोभेपुर माही नदी पर वर्ष 2012 में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा पुल निर्माण निगम के माध्यम से निर्मित पुल का नामाकरण ''चन्द्रिका शोभेपुरिया'' करने हेतु ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक 165/2013-8576, दिनांक 30 जुलाई, 2013 से जिला पदाधिकारी, सारण को अनुशंसा तथा पत्रांक 11/अ०प्र०-1-43/15-4256, दिनांक 6 अप्रील, 2016 से मंत्रिमंडल सचिवालय को अनुशंसा प्रेषित की गई है, लेकिन अभीतक उक्त पुल का नामाकरण ''चन्द्रिका शोभेपुरिया'' नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का नामाकरण ''चन्द्रिका शोभेपुरिया'' के रूप में कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2074. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत डगरूआ प्रखण्ड के मझगाँवा गाँव में स्थित मझगाँवा कब्रिस्तान एवं बायसी प्रखण्ड के कुम्हरवा गाँव में स्थित कुम्हरवा कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने से कब्रिस्तान की जमीन का अतिक्रमण हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2075. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर एवं इसुआपुर प्रखंड स्थित क्रमशः ग्राम-सोनवर्षा एवं अमरदह में कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों द्वारा कब्रिस्तान की जमीन का अतिक्रमण किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2076. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के लक्ष्मीनीया कब्रिस्तान एवं बरियारपुर, मढ़ीया कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं होने से उक्त दोनों कब्रिस्तान की जमीन पर अतिक्रमण हो रहा है, यदिं हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2077. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी ज्लिा के रीगा प्रखंड अन्तर्गत मेहसीया गाँव में स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2078. श्रीमती कुंती देवी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नीमचक बथानी प्रखंड के ग्राम-सरौंजी, कबीरपुर कब्रिस्तानों की घेराबंदी नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

चीनी मिल खोलना

*2079. श्री (मो०) तौसिफ आलम--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में गन्ना की खेती काफी मात्रा में होने के बावजूद उक्त जिला के बहादुरगंज प्रखण्ड में चीनी मिल नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में चीनी मिल खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2080. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखण्ड के मनियारी में कब्रिस्तान की घेराबंदी कार्य हो रहा है, उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी में प्राक्कलन के अनुसार ईंट, बालू एवं सीमेंट का उपयोग नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार प्राक्कलन के अनुरूप उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2081. श्री (मो०) तौसिफ आलम--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के भाटाबाड़ी पंचायत के फुलबाड़ी कब्रिस्तान एवं नेटुआपाड़ा द्वारा पंचायत के भोपला कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2082. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत योगापट्टी प्रखंड के नवलपुर में बेतिया-नवलपुर मुख्य मार्ग से उत्तर अवस्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

थाना का निर्माण

*2083. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत अमझोर थाना को हटाकर तिलौथु थाना के बगल में तीन कि० मी० की दूरी पर सरैया गाँव में अवस्थित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अमझोर थाना को हटाने के बाद रोहतास और तिलौथु थाने की दूरी 32 कि० मी० है रोहतास जिला के नौहट्टा प्रखंड उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र रहने के कारण स्थानीय ग्रामीण उग्रवादियों के भय से भयक्रांत हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोहतास और तिलौथु के 32 कि० मी० की दूरी के बीच तेलकप में नये थाने का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्यालय खोलना

*2084. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में भविष्य निधि कार्यालय नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सराकर उक्त जिला में भविष्य निधि कार्यालय खोलने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--हाँ, राज्य के 27 पुराने जिले में भविष्य निधि कार्यालय स्थापित है बाद में सृजित जिलों में कर्मचारियों का भविष्य निधि का कार्य पुराने जिला मुख्यालयों के भविष्य निधि कार्यालयों से ही सम्पादित किये जा रहे हैं । दिनांक 1 सितम्बर, 2005 के बाद से नियुक्त कर्मियों के लिये सामान्य भविष्य निधि अंशदान योजना के स्थान पर नई अंशदायी पेंशन योजना प्रभावी हो गयी है । वर्तमान में नई अंशदायी पेंशन योजना के आँकड़ों का रख-रखाव केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत NSDL द्वारा किया जा रहा है । भविष्य निधि अंशदाताओं की संख्या सेवानिवृत्ति के कारण क्रमशः घटती जा रही है । उपर्युक्त कारणों से भविष्य निधि कार्यालयों पर कार्यबोझ भी घटता जा रहा है । अतः भविष्य में कोई नया भविष्य निधि कार्यालय खोलने की योजना नहीं है ।

--------

गिरफ्तार करना

*2085. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शर्मिला देवी, पति मंगलदेव महतो द्वारा दिनांक 28 नवम्बर, 2016 को मारपीट, उत्पीडन के विरुद्ध गोपालगंज जिला के महम्मदपुर थाना में काण्ड सं० 114/16 धारा 341, 323, 324, 307, 504, 506, 34 भा०द०वि० के तहत रामबाबू महतो अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज करायी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुलिस निरीक्षक, गोपालगंज ने महम्मदपुर थाना काण्ड संख्या 114/16 की जाँच दिसम्बर, 2016 में की गई और एक सप्ताह में थाना प्रभारी, महम्मदपुर को सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का निदेश था, लेकिन अबतक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अभियुक्तों को कबतक गिरफ्तार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवास का निर्माण

*2086. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत मनिहारी में अग्निशामक दस्ता प्रतिनियुक्त है, लेकिन न उनके लिये भवन है और न कर्मियों के रहने के लिये आवास या बैरक है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर भवन, बैरक या आवास निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2087. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टनकुप्पा प्रखंड के ग्राम-मोकमचक, ग्राम पंचायत-टनकुप्पा में स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चीनी मिल खोलना

*2088. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव एवं पीरपैंती प्रखंड गन्ना उत्पादन में अब्बल रहने के बावजूद उक्त प्रखंड में चीनी मिल नहीं है, जिसके कारण उक्त प्रखंड के गन्ना किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में चीनी मिल खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2089. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के चरपोखरी प्रखंड अंतर्गत सियाडीह पंचायत के ग्राम-पसौर एवं कोयल पंचायत के बैदेकोरी ग्राम में कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं होने कारण अवारा पशुओं एवं असामाजिक तत्वों को आना-जाना लगा रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के दोनों ग्राम में कबतक कब्रिस्तान की घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2090. श्री (डॉ0) शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत डण्डखोरा प्रखण्ड के डण्डखोरा तथा कदवा प्रखण्ड के कटिया ग्राम पंचायत के सिंगलपुर कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तनों की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

टैक्स लगाना

*2091. श्री अशोक कुमार सिंह (203)--क्या मंत्री, वाणिज्य-कर विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला में लगभग 300 ईंट भट्ठा है, जो सरकार को टैक्स देकर चलता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार से सटे राज्य उत्तर प्रदेश से सरकार को बिना टैक्स दिये प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर ईंट कैमूर एवं रोहतास जिला में आता है, जिसके कारण सरकारी राजस्व का नुकसान हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उत्तर प्रदेश से आनेवाले ईंटों पर टैक्स लगाने अथवा रोक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

वस्त्र उद्योग चालू कराना

*2092. श्री हरिशंकर यादव--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के हुसैनगंज प्रखण्ड के फारेदपुर एवं जमालहाता में सूती वस्त्र उद्योग 10 वर्षों से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड के सूती वस्त्र उद्योग को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पेपरलेस परीक्षा लेना

*2093. श्री भाई बीरेन्द्र--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र हिन्दुस्तान के अंक दिनांक 6 फरवरी, 2017 में प्रकाशित शीर्षक ''परीक्षा से पहले उत्तर वायरल'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 060601/14 के आलोक में विभिन्न विभागों में रिक्त इण्टरस्तरीय पदों पर नियुक्ति हेतु आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 29 जरवरी, 2017 प्रथम चरण एवं दिनांक 5 फरवरी, 2017 द्वितीय चारण का प्रश्न पत्र उत्तर सहित निर्धारित परीक्षा अवधि के 13 घंटे पूर्व वाट्सएप एवं ट्वीटर पर वायरल हो जाने से प्रतियोगी अभ्यर्थियों द्वारा आयोग के अध्यक्ष एवं सचिव से परीक्षा रद्द कर पेपरलेस (ऑन लाइन) परीक्षा पुनः आयोजित करने हेतु ज्ञापन सौंपते हुये दिनांक 6 फरवरी, 2017 को आयोग कार्यालय के समक्ष आन्दोलित थे, यदि हाँ, तो क्या सरकार राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित होनेवाली प्रतियोगिता परीक्षाओं को निष्पक्ष संचालन हेतु पेपरलेस (ऑन लाइन) प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुनः संचालित करना

*2094. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कटेया थाना का क्षेत्रफल अधिक होने के चलते विधि-व्यवस्था के संधारण हेतु वर्ष 1998 में जनता बाजार के खाता नं0 113 खेसरा नं0 4, 5 में ओ0 पी0 की स्थापना की गयी थी, जिसे वर्ष 2008 में रद्द कर दिये जाने से पुलिस पदाधिकारियों को विधि-व्यवस्था संधारण में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त रद्द ओ0 पी0 को पुनः संचालित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*2095. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत देवरिया थाना 35 वर्ष पूर्व स्थापित हुआ, परंतु आजतक उक्त थाने का अपना भवन निर्मित नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक देवरिया थाना भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---

नई गाड़ी उपलब्ध कराना

*2096. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी प्रखंड के पंचानपुर एवं मऊ ओ0 पी0 में 10 वर्ष पुरानी एवं जर्जर गाड़ियाँ हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों ओ0 पी0 में नई गाड़ियाँ कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*2097. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण के लौरिया विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत शनीचरी थाना NH 28B बेतिया-बगहा रोड पर जर्जर भवन में स्थित है, साथ ही उक्त थाना में थानाध्यक्ष सहित पुलिसकर्मियों को न तो रहने की जगह है और न ही फाईल रखने की जगह है तथा बरसात के दिनों में प्लास्टिक तानकर कार्य सम्पादित किया जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त थाना का भवन एवं चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2098. श्री फराज फातमी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत सिंघवाड़ा प्रखंड के हरिहरपुर पश्चिमी कनौर कब्रिस्तान जिसका खाता सं0 586, खेसरा सं0 372, रकबा 145 डी0 एवं भराठी खाता सं0 303, 878, खेसरा सं0 1918, 2776, 2764, रकबा 065, 054, 013 डी0 की घेराबंदी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*2099. श्री नितिन नवीन--स्थानीय हिन्दी दैनिक के दिनांक 20 नवम्बर, 2016 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''शिक्षा विभाग ने नहीं दिये 10,316 करोड़ के उपयोगिता प्रमाण-पत्र'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार के विभिन्न विभागों में करोड़ों रुपये लंबित डी0 सी0 बिल से संबंधित उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार या कोषागार को उपलब्ध कराने हेतु प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार सरकार द्वारा 27 जुलाई, 2016 को प्रत्येक विभाग को निर्देश दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण, शिक्षा, ग्रामीण कार्य विभाग, योजना एवं विकास, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग में क्रमशः 2,600.97 करोड़, 10,316 करोड़, 1,942 करोड़, 250 करोड़, 111 करोड़, 272 करोड़, 703 करोड़ रुपये और डी0सी0 बिल लंबित है जिसका उपयोगिता प्रमाण-पत्र अबतक उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार लंबित डी0सी0 बिल के दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2100. श्री (मो0) शरफुद्दीन--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत धोरैया प्रखंड के महिला, विसनपुर पंचायत में स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त क़ब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो, क्यों ?

--------

आवास का निर्माण

*2101. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कुरसेला प्रखंड के कुरसेला थाना का कार्यालय एवं आरक्षी का आवास पुराना एवं जर्जर भवन में स्थित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर थाना भवन एवं आरक्षी आवास की जगह नया थाना भवन एवं आरक्षी आवास का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2102. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के विस्टोरिया पंचायत के ग्राम-डुमरिया कोठी, हाट टोला, थाना नं0 2, खाता नं0 339, खेसरा नं0 6048/6728, रकबा 2 एकड़ 48 डीसमील कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण कब्रिस्तान की भूमि का अतिक्रमण हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बताना

*2103. श्री (मो0) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत सिदवलिया शुगर फैक्ट्री में माप-तौल मशीन से सही माप-तौल नहीं किया जाता है जिससे किसानों को एक क्विंटल में दस किलो का घाटा सहन करना पड़ रहा है जिसकी शिकायत नवम्बर, 2015 में स्थानीय गन्ना किसान द्वारा जिला प्रशासन, गोपालगंज को किया गया परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो अभीतक कार्रवाई नहीं करने का क्या औचित्य है ?

--------

भवन का निर्माण

*2104. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत हसनगंज थाना जल संसाधन विभाग के भवन में अस्थाई रूप से चल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार हसनगंज थाना का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2105. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंडान्तर्गत भागखरना एवं डांगीबाड़ी (डीमहाट) कब्रिस्तानों की घेराबंदी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## चीनी मिल स्थापित करना

*2106. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर, कोटवा, केसरिया, संग्रामपुर, चकिया, मेहसी, मधुवन, पीपरा कोठी एवं अगल बगल के अन्य प्रखण्ड प्रचुर मात्रा में गन्ना का उत्पादक क्षेत्र होने के बावजूद एक भी चीनी मिल नहीं है, जिसके कारण उक्त प्रखण्ड के किसानों को गोपालगंज, रीगा एवं बेतिया में गन्ना बेचना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कल्याणपुर, कोटवा या चकिया क्षेत्र में चीनी मिल स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## थाना भवन का निर्माण

*2107. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड अन्तर्गत मनसाही थाना को अपना भवन नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त थाना भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*2108. श्री विद्या सागर सिंह निषाद--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत मोरवा प्रखण्ड के बनवीरा पंचायत के मकदुमपुर कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं होने के कारण पशुओं का चारागाह बन गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## अवकाश की सुविधा देना

*2109. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी द्वारा नियोजित महिला कार्यपालक सहायकों को पुरुष कार्यपालक सहायकों की तरह ही छुट्टी की सुविधा दी जाती है अर्थात मातृत्व व विशेष अवकाश महिला कार्यपालक सहायक को नहीं दिया जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त महिला कार्यपालक सहायकों को मातृत्व व विशेष अवकाश की सुविधा कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सत्यापन कराना

*2110. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी निवासियों को थाना द्वारा सत्यापन किया जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना शहर के अन्तर्गत रूपसपुर थानान्तर्गत जया नीलम बिहार, आई०ए०एस० कॉलोनी, बेली रोड, पटना के आवासियों/किरायेदारों के सत्यापन हेतु दिनांक 14 दिसम्बर, 2015 को एपार्टमेंट के सचिव द्वारा थानाध्यक्ष, रूपसपुर, पटना को आवेदन दिया गया, परन्तु आजतक सत्यापन नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त एपार्टमेंट के आवासियों का सत्यापन कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*2111. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत मोहनपुर प्रखण्ड के लई कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार लई कब्रिस्तान की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुमंडल को जिला बनाना

*2112. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर अनुमंडल जिला बनने की सभी अर्हताओं को पूरी करता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सोनपुर, दिघवारा, दरियापुर, मकेर एवं परसा प्रखण्डों को मिलाकर सोनपुर अनुमंडल को कबतक जिला बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*2113. श्री नन्द किशोर यादव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार की राजधानी पटना क्षेत्र में बाईपास, महात्मा गाँधी सेतु सहित सभी सड़कों पर प्रतिदिन जाम रहती है, जिसके कारण जाम में अन्य वाहनों सहित एंबुलेंस, बच्चों के स्कूल वाहन भी फंस जाते हैं यदि हाँ, तो क्या सरकार जाम से निपटने के लिये कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुलिस ओ0 पी0 खोलना

*2114. श्री सैयद अबु दोजाना--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखण्ड अन्तर्गत बलहा, मकसुदन पंचायत के ग्राम-बलहा बाजार में पुलिस ओ0 पी0 नहीं रहने के कारण पुलिस प्रशासन को प्रशासनिक कार्यों में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुलिस ओ0पी0 खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

राशि उपलब्ध कराना

*2115. श्रीमती बीणा भारती--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के सुपौल सदर प्रखण्ड के अल्पसंख्यक कल्याण बालक छात्रावास 60 बेडेड में विद्युतीकरण का कार्य वर्ष 2015 में हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के संयुक्त सचिव, भवन निर्माण विभाग के पत्रांक भवन बजट 81-7912(भ), दिनांक 16 अगस्त, 2016 के द्वारा प्रधान सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना से उक्त कार्य के भुगतान हेतु राशि उपलब्ध कराने की माँग की है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कार्य के निमित्त भुगतान हेतु कबतक राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बैंक शाखा की स्थापना

*2116. श्रीमती स्वीटी सिमा हेम्ब्रम--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया प्रखण्ड के कोल्हासार आदर्श ग्राम की आबादी 5,000 रहने के बावजूद उक्त ग्राम में बैंक की कोई शाखा स्थापित नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा कबतक स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*2117. डॉ0 रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने अतिपिछड़े वर्गों के लिये राज्य आयोग के पत्रांक 216, दिनांक 22 जून, 2015 के आलोक में दांगी जाति को अत्यंत पिछड़े वर्गों की सूची (अनुसूची 1) के क्रमांक 127 पर शामिल कर लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दांगी जाति के लोगों को सरकार द्वारा अत्यन्त पिछड़ी जाति में अधिसूचित करने के बावजूद अत्यंत पिछड़ी जाति का प्रमाण-पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है, जबकि सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक 1407, दिनांक 28 जनवरी, 2016 द्वारा सभी जिलाधिकारी को प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किया जा चुका है, परन्तु सारण जिला में उसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिला के दांगी जाति के लोगों को अत्यन्त पिछड़ी जाति का प्रमाण-पत्र निर्गत करने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

लाभ देना

*2118. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के भागलपुर, बाँका, गया, बिहारशरीफ, औरंगाबाद, सीवान, खगड़िया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर में क्रमशः 6,600; 4,000, 4,000, 500, 370, 300, 270, 371, 400 बुनकर हस्तकरघा उद्योग से अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं, जो विद्युत् चालित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उद्योग विभाग द्वारा रेशम वस्त्र बुनकरों को विद्युत् चालित करघा पर 3 रुपये प्रति यूनिट की घोषणा करते हुये इसके लिये 2.20 करोड़ की राशि भी सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिये निर्गत किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रेशम वस्त्र बुनकरों के समान विद्युत् चालित करघा से रेशम वस्त्र के अलावे हैण्डलूम एवं अन्य वस्त्र बुनकरों का खण्ड (2) में वर्णित योजना के तहत लाते हुये लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

थाना भवन का निर्माण

*2119. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले में कोचाधामन थाना एक छोटे, पुराने एवं जर्जर भवन में चल रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर थाना भवन के लिये नया भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*2120. श्री हरिशंकर यादव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के हुसैनगंज प्रखण्ड के ग्राम-गोपालपुर (बाकरगंज) में कब्रिस्तान की घेराबन्दी अधूरी है एवं ग्राम-हरिहास, मलिकान पंचायत पश्चिमी हरिहास कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सेवाशर्त लागू करना

*2121. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य में बेल्ट्रॉन के माध्यम से बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं जिला खाद्य आपूर्ति विभागों में संविदा पर लगभग10,000 (दस हजार) डाटा इन्ट्री ऑपरेटर कार्यरत हैं एवं आर0 टी0 आई0 के माध्यम से प्राप्त उनकी सेवा नियमावली की संचिका संख्या 61/2007 (सेवाशर्त) सू0प्रा0 के पृष्ठ 153 156/टि0 पर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वर्ष 2015 में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसमें कंडिका 10 एवं 11 में सेवाशर्त, ग्रेड-पे का उल्लेख है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पूरे राज्य के डाटा इन्ट्री ऑपरेटरों के लिये उपरोक्त संचिका में प्रतिवेदित सेवाशर्त एवं ग्रेड-पे लागू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*2122. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज में 2 फरवरी,, 2016 को झारखंड पुलिस द्वारा छापेमारी के दौरान सरपंच रामनाथ प्रसाद को गोली मार दी गई, जिससे उनकी मृत्यु हो गई;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य पुलिस द्वारा इस संबंध में पालीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसका काण्ड संख्या 21/16 है, परन्तु दोषी पुलिस प्रशासन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उच्चस्तरीय जाँच कराते हुये दोषी पुलिस प्रशासन पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रोत्साहन राशि देना

*2123. श्री (मो०) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2005 से अल्पसंख्यक छात्र एवं छात्राओं को प्रत्येक वर्ष प्रोत्साहन राशि दिया जाना प्रावधानित है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी मदरसा के छात्र एवं छात्राओं को उक्त वर्ष से प्रोत्साहन राशि नहीं दिया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सरकारी मदरसा के छात्र एवं छात्राओं को प्रोत्साहन राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

*2124. श्री रवि ज्योति कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के पुलिस कर्मी एवं पदाधिकारी एडवांस ट्रेनिंग के लिये हैदराबाद एवं अन्य राज्यों में जाते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ट्रेनिंग के लिये बिहार सरकार अत्यधिक पैसा अन्य राज्यों को देती है;

(3) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में अत्यंत प्रशिक्षित ट्रेनर एवं ऑफिसर उपलब्ध हैं एवं जमुई जिला के सिमुरतल्ला में हैदराबाद के "ग्रे हॉट" के समान जमीन उपलब्ध है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिमुरतल्ला में "ग्रे हॉट" के समान प्रशिक्षण केन्द्र कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*2125. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बनकटवा प्रखण्ड अन्तर्गत बीजबनी उत्तरी पंचायत के ग्राम-घोंघिय में कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

छात्रावास का निर्माण

*2126. श्री (मो०) आफाक आलम– क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखण्ड में अल्पसंख्यक छात्रावास नहीं होने के कारण उक्त प्रखण्ड के अल्पसंख्यक छात्र एवं छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में अल्पसंख्यक छात्रावास का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिस की व्यवस्था

*2127. श्री रमेश ऋषिदेव– क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत सिंहेश्वर प्रखण्ड के सिंहेश्वर बाजार में ट्रैफिक पुलिस नहीं होने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*2128. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन–क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत अंचल जितवारपुर के ग्राम-मोहनपुर स्थित कब्रिस्तान, ग्राम-विशनपुर स्थित कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं होने के कारण उक्त कब्रिस्तानों की जमीन का अतिक्रमण हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों कब्रिस्तानों की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*2129. श्री नन्द कुमार राय– क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखण्ड के बांसघाट पंचायत अन्तर्गत खीरू, छपरा कब्रिस्तान एवं मदारपुर, मौना कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2130. श्री (डॉ०) सी०एन० गुप्ता--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सदर प्रखंड के मौना पंचायत के चंचौरा ग्राम में स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

ए०टी०एम० मशीन लगाना

*2131. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिहारशरीफ पुलिस लाइन में एक भी ए०टी०एम० मशीन नहीं है जिसके कारण जवानों को रुपये की निकासी में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुलिस लाइन में ए०टी०एम० मशीन कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2132. श्री जयवर्धन यादव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखंड अन्तर्गत ग्राम-खुशडीहरा एवं पुरनीसरैया कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं रहने के कारण उक्त कब्रिस्तान पर पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पुलिस चौकी स्थापित करना

*2133. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड के गौरा गाँव तथा नगर निगम के रहमत नगर डी०ए०भी० चौक गाँव में पुलिस चौकी नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुलिस चौकी स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दर्जा दिलाना

*2134. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखंड में महत्वपूर्ण गजना धाम मंदिर है, जहाँ वर्ष 2004 से प्रति वर्ष 11, 12 एवं 13 फरवरी, को गजना महोत्सव जनता के द्वारा मनाया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के तत्कालीन प्रभारी मंत्री के द्वारा वर्ष 2013 में यह कहा गया था कि पर्यटन विभाग से विमर्शोपरान्त उक्त महोत्सव को सरकारी महोत्सव के रूप में मनाया जा सकेगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गजना महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

सुविधा देना

'ग'-*2135. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी द्वारा नियोजित कार्यपालक सहायकों को ई०पी०एफ० एवं ई०एस०आई० की सुविधा नहीं दी जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार कार्यपालक सहायक सहित अन्य सभी संविदा मानदेय कर्मचारियों को ई०पी०एफ० एवं ई०एस०आई० की सुविधा देने के लिये संकल्पबद्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्यपालक सहायकों को ई०पी०एफ० एवं ई०एस०आई० की सुविधा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

गिरफ्तार करना

*2136. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्री अजीत कुमार मिश्र, पिता-युगल मिश्र, ग्राम-कर्णपरा, थाना-कुचायकोट, जिला-गोपालगंज के विरुद्ध कुचायकोट थाना काण्ड संख्या 275/16 प्राथमिकी दर्ज की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस उपाधीक्षक, गोपालगंज ने 498A/106/34IPC & 3/4 के तहत अनुसंधान में उक्त कांड को सही मानते हुये थाना प्रभारी, कुचायकोट को दिसम्बर, 2016 में गिरफ्तार करने का आदेश निर्गत किया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अभियुक्त को कबतक गिरफ्तार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2137. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड अन्तर्गत काऊप पंचायत के ग्राम-काऊप एवं गड़हनी पंचायत के ग्राम-गड़हनी में कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं होने के कारण असामाजिक तत्वों एवं आवारा पशुओं का आना-जाना लगा रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के दोनों ग्राम में कबतक कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ग'-वित्त विभाग से सामान्य प्रशासन विभाग में स्थानान्तरित ।

अग्निशमन केन्द्र खोलना

*2138. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन एवं बैरिया प्रखंड में अग्निशमन केन्द्र नहीं रहने के कारण गर्मी के समय में अगजनी की घटना घटने पर समय से जिला मुख्यालय, बेतिया से अग्निशमक नहीं पहुँच पाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में अग्निशमन केन्द्र खोलने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2139. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत चौसा प्रखंड के डबरू टोला एवं उदाकिशुनगंज प्रखंड के रहटा कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ओ०पी० खोलना

*2140. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अन्तर्गत आरा-जीरो माईल एन० एच० 30 से जगदीशपुर की दूरी 30 कि० मी० है तथा पीरो से जगदीशपुर एस० एच० 102 की दूरी 25 कि० मी० है इन दोनों के बीच कोई ओ०पी० नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार एन० एच० 30 आरा-जीरो माईल से जगदीशपुर एन० एच० 30 पर हरिगाँव तथा एस० एच० 102 पर जितौड़ा में कबतक ओ०पी० खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2141. श्री अशोक कुमार सिंह (203)--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला में रामगढ़ प्रखंड अन्तर्गत बढ़ौरा पंचायत के बढ़ौरा ग्राम के पश्चिम एवं उत्तर स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2142. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि एक सौ इकासी करोड़ की लागत से राजगीर में निर्माणाधीन पुलिस ट्रेनिंग एकेडमी का निर्माण कार्य 15 अगस्त, 2014 तक पूर्ण हो जाना था, लेकिन निर्धारित समय पूरा हो जाने के बावजूद भी उक्त एकेडमी के भवन का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करते हुये उक्त एकेडमी का भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

श्मशान घाट की घेराबंदी

*2143. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के तरारी प्रखंड के कपूर डिहरा गाँव में सरकारी जमीन पर महादलितों के लिये तय श्मशान घाट जिसका खाता नं० 632, खेसरा नं० 720 रकबा 30 डीसमील तथा आमजनों के लिये तय श्मशान घाट जिसका खाता नं० 632, खेसरा नं० 719, रकबा 20 डीसमील जमीन है, उक्त जमीन का 50 प्रतिशत भाग अतिक्रमित किये जाने के फलस्वरूप आम लोगों को दाह-संस्कार करने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त श्मशान घाट की जमीन की मापी कराकर घेराबंदी करने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

थाना भवन का निर्माण

*2144. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि थाना भवनविहीन होने के कारण थाना को प्रशासनिक कार्य व्यवस्थित रूप से संचालित करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार हरसिद्धि थाना का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुमंडल की स्थापना

*2145. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत चकाई विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत चकाई प्रखंड नक्सल प्रभावित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में सरकार ने फैसला लिया है कि राज्य के अंतर्गत 54 नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अनुमंडलीय पुलिस अनुमंडल की स्थापना की जायेगी जिसके अंतर्गत चकाई प्रखंड भी आता है उक्त फैसला के बावजूद सरकार ने आजतक एक भी पुलिस अनुमंडल की स्थापना नहीं की है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त फैसले के अनुरूप चकाई प्रखंड में पुलिस अनुमंडल की स्थापना कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2146. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड कोचस में ग्राम-गारा एवं अन्हारी कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने से पशुओं का चारागाह बन गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बैंक स्थापित करना

*2147. डॉ0 विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखण्ड के भुसभुसिया में बैंक नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर बैंक स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिस की व्यवस्था

*2148. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के चेरौत प्रखंड अन्तर्गत चेरौत बस स्टैण्ड के पास दुर्गा चौक एवं नीम बाड़ी चौक पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था नहीं होने के कारण विगत 5 वर्षों से जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जाम से निजात

*2149. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी शहर में ट्रैफिक थाना नहीं रहने के कारण यातायात व्यवस्था सुदृढ़ नहीं है, जिसके फलस्वरूप प्रत्येक दिन घंटों जाम की स्थिति रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मधुबनी शहर में ट्रैफिक थाना स्थापित कर शहर को जाम से निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2150. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखंड स्थित ग्राम-रसीदपुर में कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कब्रिस्तान की जमीन का अतिक्रमण किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की कबतक घेराबंदी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि की स्वीकृति

*2151. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि M.S.D.P. योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 में जिला अल्पसंख्यक कार्यालय, समस्तीपुर के प्रखण्ड ताजपुर स्थित पंचायत शाहपुर, बघौनी, भेरोखड़ा, रहिमाबाद आदि में चापाकल सहित चबूतरा आदि का निर्माण हेतु 25,098 रु0 की दर से 530 चापाकल एवं Skill Training के निमित्त Computer Software हेतु RS. 3,83,400 रु0 का प्राक्कलन तैयार कर विभाग को भेजा गया है, परन्तु अभीतक क्रियान्वित नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त योजनान्तर्गत राशि की स्वीकृति एवं अग्रेतर कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवास का निर्माण

*2152. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को आवास की सुविधा नहीं रहने के कारण पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को परेशानी होती है, जबकि परिहार प्रखंड परिसर में बना थाना भवन के बगल में खाली जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त परिसर में परिहार थाना के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के लिये आवास निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रोन्नति देना

*2153. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में पुलिस निरीक्षक के 300 एवं पुलिस अवर निरीक्षक के 1,500 पद रिक्त हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुलिस अवर निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक की कोटि में एवं सहायक अवर निरीक्षक से पुलिस अवर निरीक्षक की कोटि में प्रोन्नति हेतु मनोनयन पुलिस मुख्यालय, पटना द्वारा राज्य के सभी क्षेत्रीय उप-महानिरीक्षक द्वारा नवम्बर, 2016 में भेजी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पुलिस पदाधिकारियों को कबतक प्रोन्नति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2154. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत करगहर प्रखंड के धनेज ग्राम में कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण उक्त कब्रिस्तान पशुओं का चारागाह बन गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*2155. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत टिकारी प्रखंड के लाव एवं कोच प्रखंड के श्रीगाँव कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदनाम बदलना

*2156. श्री राम विलाश पासवान--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय में प्रखंड सूचना प्रौद्योगिकी सहायक का नियोजन एकल पद के रूप में की गई है, आई0 टी0 से जुड़े कार्यों के पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण में इन्हें इनके पदनाम में सहायक पद जुड़े रहने से आमजन के कार्य निष्पादन में कठिनाइयाँ होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्त विभाग के ज्ञापांक 3-ए-2-वे0पु0-11/2013-7183 वि0, दिनांक 7 अगस्त, 2014 द्वारा तकनीकी विकास निदेशालय, उद्योग विभाग के अधीन कार्यरत तकनीकी सहायक का पदनाम परिवर्तित कर तकनीकी पदाधिकारी किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंड आई0 टी0 सहायक का पदनाम वित्त विभाग की तर्ज पर प्रखंड आई0 टी0 पदाधिकारी अथवा उप-आई0 टी0 प्रबंधक करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2157. श्री अशोक कुमार चौधरी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के करजा थाना का अपना भवन नहीं रहने से पदाधिकारियों को रहने कागजात का रख-रखाव एवं हथियार की सुरक्षा में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त थाना का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्यालय खोलना

*2158. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, वाणिज्य-कर विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड में वाणिज्य-कर विभाग का कार्यालय नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जलालगढ़ प्रखंड में वाणिज्य-कर कार्यालय कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर स्वीकारात्मक है। यह सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड में वाणिज्य-कर विभाग का कार्यालय नहीं है।

वर्तमान में पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड में वाणिज्य-कर विभाग का कार्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव विभाग में विचाराधीन नहीं है, क्योंकि पूर्णियाँ जिला मुख्यालय में वाणिज्य-कर कार्यालय कार्यरत है। वाणिज्य-कर विभाग में वाणिज्य-कर कार्यालय खोलने की कार्रवाई राजकीय राजस्व संग्रहण के परिपेक्ष्य में की जाती है। वर्तमान समय में वाणिज्य-कर विभाग में किसी भी प्रखंड स्तर पर वाणिज्य-कर विभाग का कार्यालय नहीं खोला गया है।

--------

सुधार के उपाय

*2159. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार ने न्याय के साथ विकास यात्रा रिपोर्ट कार्ड 2016 पृष्ठ 36 के कंडिका में सरकार ने राष्ट्रीय अपराध आँकड़ा के अपराध की तुलना करते हुये दर्शाया है कि राष्ट्रीय अपराध दर 2014 में 229.2 से 2015 में बढ़कर 234.2 हो गया जबकि इसी अवधि में बिहार का अपराध दर 174.2 से 171.6 हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार में दिनांक 28 जनवरी, 2017 तक 23 हत्या, नवम्बर, 2016 तक कुल संज्ञेय अपराध 1,74,374, बलात्कार 945, अपहरण 6,808, हत्या 2,384 एवं फिरौती के लिये अपहरण 35 दर्शाता है, साथ ही राज्य में लगातार पाँच पत्रकार की हत्या अपराधियों द्वारा की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कानून व्यवस्था में सुधार के लिये कौन-सी उपाय करने का विचार रखती है, हाँ, तो कैसे और कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2160. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी प्रखंड अन्तर्गत बरारी थाना का भवन जर्जर रहने से थाना प्रभारी सहित सभी पुलिसकर्मियों को प्रशासनिक कार्य करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त थाना का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :
दिनांक 20 मार्च, 2017 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 130-डी0टी0पी0-500